भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3638**

**17.12.2024 को उत्तर के लिए नियत**

**स्कूटर इंडिया लिमिटेड की स्थिति**

**3638. डॉ. तिरुमावलवन थोलकप्पियान**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड की वर्तमान स्थिति की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड को निजी दुपहिया और तिपहिया वाहन निर्माता का दुर्जेय प्रतियोगी बनाने की कोई योजना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) : जी हाँ।

(ख) : मंत्रिमंडल ने स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) को बंद करने की मंजूरी 20 जनवरी, 2021 को दे दी है। एसआईएल का प्रचालन बंद कर दिया गया और एसआईएल के सभी कर्मचारियों को वर्ष 2021 में वीआरएस दे दिया गया। चल संपत्तियों का निपटान कर दिया गया है। भूमि उत्तर प्रदेश सरकार को वापस कर दी गई है और एसआईएल के शेयरों को स्टॉक एक्सचेंज से हटा दिया गया है।

(ग) : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) : एसआईएल का प्रचालन पहले ही बंद किया जा चुका है। कर्मचारियों को वीआरएस दिया जा चुका है और भूमि उत्तर प्रदेश सरकार को वापस कर दी गई है।

***